तापमान

अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

12 जहां का अतिक्रमण हटाया वहां निरंतर करते रहे निगरानी



12 मनरेगा मजदूरों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त बीईओ जिले सिंह का किया स्वागत

**बरवाला।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरवाला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुराना से पदोन्नत होकर खंड शिक्षा अधिकारी बरवाला के पद पर ज्वाइन करने पर नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह का स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के इंचार्ज मनोज गुप्ता और हरियाणा प्राईवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि जिले सिंह पर इससे पहले हांसी ब्लॉक के बीईओ का कार्यभार भी रहा है।

### रणबीर गंगवा के आवास पर महापड़ाव आज से

**हिसार।** प्रदेश के निर्माण और मनरेगा मजदूरों ने मंत्रियों के आवास पर महापड़ाव के लिए कमर कस ली है। इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और 17 व 18 जनवरी को अपना रोष व्यक्त करेंगे। हिसार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर पड़ाव डाला जाएगा। भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य प्रधान मनोज सोनी, महासचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में हिसार, भिवानी, जींद, महम, अंबाला में मंत्रियों के आवास पर निर्माण व मनरेगा मजदूरों के महापड़ाव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार झूठे नारों की सरकार है, सिर्फ कोरी बयानबाजी तक ही सीमित है।

### टीबी के 20 मरीजों को दी प्रोटीन की तीसरी डाइट

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल की ओर से पटेल नगर स्थित धर्मशाला में टीबी के 20 मरीजों को प्रोटीन की तीसरी डाइट दी गई। रोटरी सैंट्रल के प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि क्लब द्वारा इन 20 मरीजों को गोद लिया गया है जिन्हें 6 महीने के लिए प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाकर उन्हें टीबी के इलाज में उनका सहयोग किया जा रहा है। इसमें हरियाणा सरकार एवं टीबी अस्पताल हिसार द्वारा भी मरीजों के पूरी मदद रहती है।

### डॉ. सिंघल के डीजी हेल्थ बनने पर अभिनंदन कल

**हांसी।** डॉ. कुलदीप सिंघल को महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए क्षेत्र वासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह रविवार, 18 जनवरी को सुबह आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन सर छोटूराम कम्युनिटी सेंटर, बस स्टैंड के नजदीक, रामायण गांव में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विनोद भयाना शिरकत करेंगे।

## महिलाओं ने गाय पकड़ने के शक में किया अपनी गायों को खदेड़ने का प्रयास

*हिरासत में लेने के दौरान आरोपी महिलाओं ने की धक्का-मुक्की*

# कचरे के ढेर में पशुओं के शव मिलने पर महिलाओं का हंगामा





**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी प्रभारी अनूप सिंह को मामले की जानकारी देते गोरक्षक व बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**चार को लिया हिरासत में बाद में छोड़ा**

शहर के पटेल नगर क्षेत्र में कचरे के ढ़ेर में पशुओं के शव कंकाल मिलने पर विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने यहां पर कुछ पशुओं के शवों को देखा तो हिंदू संगठनों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसी दौरान नगर निगम प्रशासन द्वारा अपनी गायों को पकड़ने के शक में कुछ महिलाएं मौके पर पहुंच गई और उन्होंने हंगामा करते हुए अपनी गायों को खदेड़ना शुरू कर दिया। महिलाएं पुलिस के साथ धक्कामुक्की करने लगी। इसी दौरान महिला पुलिस की सहायता से चार-पांच महिलाओं को हिरासत में लिया गया। बाद में उन्हें पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ा दिया। बताया जा रहा है कि पटेल नगर क्षेत्र में कई अवैध पशु बाड़े है। गायों का इलाज कर रहे गौसेवक जब शुक्रवार दोपहर को एक बीमार गाय का इलाज करने पहुंचे तो उन्हें एक दो पशुओं के शव दिखाई दिए। उन्होंने इसकी सूचना हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों को दी। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर निगम अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी तो ये भी मौके पर पहुंच गए। नगर निगम की टीम जैसे ही क्षेत्र में पहुंची तो यहां की कुछ महिलाओं को शक हो गया कि वे उनकी गायों को पकड़ने आए हैं। इस पर इन महिलाओं ने अपनी गायों को वहां से खदेड़कर ले जाना शुरू कर दिया। इस पर निगम कर्मचारियों ने उनको रोका और गायों को पकड़ने की योजना बनाई तो इन महिलाओं ने विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने इन महिलाओं को रोकने का प्रयास किया लेकिन जब वे नहीं मानी तो चार-पांच महिलाओं को हिरासत में ले लिया गया।

### पटेल नगर में अवैध पशु बाड़े

बता दें कि पटेल नगर में कई अवैध पशु बाड़े हैं। कम्युनिटी सेंटर और रेलवे लाइन के आसपास कई लोगों ने अवैध रूप से पशुओं को बांधकर रखा हुआ है। इन पशु बाड़े में पशुओं को सिर्फ दूध के लिए बांधा जाता है इनको फिर सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ जाता है। इससे सेक्टरों व आसपास के लोग परेशान रहते हैं। इस पशु बाड़ों पर नगर निगम कार्रवाई करती है तो यह पशुओं को भगा देते हैं। यदि इनके पशु निगम पकड़ ले तो यह गुंडागर्दी पर उतर जाते हैं। यह लोग बाइकों पर आते हैं और बेसहारा घूमने के बाद गायों को वापस दूध के लिए ले जाते हैं। पशुओं से निकले दूध को यह आसपास सप्लाई भी करते हैं।

### मृत पशुओं के मिलने से हड़कंप

*गौरक्ष दल के सदस्यों ने बताया कि वे जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि यहां कई गाय मरी पड़ी है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी है। पीएलए चौकी इंचार्ज अनूप का कहना है कि पशुओं को जमीन में दफनाया गया था मगर कुत्तों ने जमीन खोदकर निकाल लिया। पुलिस ने महिलाओं को पकड़ा है और उनसे पूछताछ कर हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया। उधर, गोरक्षक जिज्ञासु ने बताया कि उनके पास फोन आया था कि बहुत से पशु बीमार हैं। उनका इलाज किया गया। यहां आकर देखा तो मृत पशुओं को कट्टों में बांधकर फेंका हुआ है। इनको कुत्ते खा रहे थे। सात से आठ पशु थे जिनको कट्टों में बांधकर फेंका हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम को सूचना दी है। बजरंग दल और गोरक्षा दल के सदस्य हमारे साथ हैं। हम मृत पशुओं को मिट्टी देंगे और ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे।*



**हिसार।** एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंकते युवा कांग्रेसी। *फोटो : हरिभूमि*

## युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन करके फूंका एचपीएससी के चेयरमैन का पुतला

- आयोग पर लगाया युवा विरोधी नीति अपनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेश में रोजगार के मसले पर युवा कांग्रेस ने यहां प्रदर्शन किया और एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंककर रोष जताया। युवा कांग्रेसियों ने एचएयू के गेट नंबर 4 के सामने जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, लेकिन सरकार और एचपीएससी की नीतियां युवाओं को न्याय दिलाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं। कटारिया ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, पारदर्शिता की कमी और बार-बार नियमों में बदलाव के कारण योग्य युवा हताश हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग का मूल उद्देश्य निष्पक्ष और समयबद्ध भर्ती करना है लेकिन वर्तमान में आयोग युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा। कई भर्तियां वर्षों से लटकी हुई हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक युवाओं को रोजगार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया नहीं मिलेगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

चेतावनी दी कि यदि सरकार और एचपीएससी ने जल्द ही अपनी नीतियों में सुधार नहीं किया, तो युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन में मुख्य तौर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सोविन भाटला, शहरी जिलाध्यक्ष विकास ढांडा, भारत सोनी, सुनील बेरवाल, आदित्य मान नलवा, अजय मलिक, अंकुश पूनिया, अजय बेरवाल, लोकेश, विकास बनभोरी व बागी राणा सहित अनेक युवा कांग्रेसी शामिल रहे।

## रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी काबू

- पिस्तोल बरामदगी के लिए पुलिस ने लिया रिमांड पर

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ टीम ने रास्ता रोककर गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी शिव नगर निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश कर दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में थाना एचटीएम में कुंजलाल गार्डन निवासी अमन ने शिकायत दी थी। अपनी शिकायत में बताया कि वह सिरसा रोड पर प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करता है। इसी के चलते 11 अक्टूबर को रात्रि वह अपनी गाड़ी में कैंप चौक से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। संत नगर के पास एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार 3–4 युवकों से गाड़ी साइड देने को लेकर विवाद हो गया। उक्त युवकों ने शिकायतकर्ता की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया और नीचे उतरकर उसके साथ मारपीट की।

# शिकायत झूठी मिले तो जूते मार लेना...

- न जांच में शामिल हो रहा, न सीसीटीवी में मारपीट दिखी, न एमएलआर में चोट का जिक्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नजदीकी गांव जुगलान निवासी दो भाइयों द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष पुलिस की शिकायत किए जाने के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस का कहना है कि बार-बार बुलाए जाने पर भी शिकायतकर्ता जांच में शामिल नहीं हो रहा है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जुगलान निवासी दो भाइयों ने सदर थाना प्रभारी पर मारपीट व मोबाइल फोन छीनने बाबत शिकायत मुख्यमंत्री से की थी। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

### पुलिस पर मारपीट के लगाए थे आरोप

ज्ञात रहे कि गुरुवार को हिसार पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष जुगलान निवासी संदीप व उसके भाई ने पुलिस पर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। इन दोनों ने यहां तक कह दिया कि यदि उनकी शिकायत झूठी मिले तो भले ही उनको जूते मार लिए जाएं। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश देते हुए कहा था कि जांच के बाद जो भी जिम्मेवार होगा, उस पर कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद पुलिस ने पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट की है।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि डीएसपी बरवाला द्वारा मामले की जांच की जा रही है और शिकायतकर्ता जांच में शामिल नहीं हो रहा है।

थाने में लगे सीसीटीवी का अवलोकन किया गया है जिसमें पुलिस द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई है। यह शिकायती व्यक्ति है तथा इसने खुद व इसके परिवार वालों द्वारा पिछले 2 साल में 40 से अधिक शिकायतें दी गई है। यही नहीं, एससीएसटी एक्ट के तहत भी पांच केस दर्ज करवाए गए, जो जो झूठे पाए गए। शिकायतकर्ता के खिलाफ भी एक केस दर्ज है, जिसमें यह गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार एमएलआर में भी कोई भी चोट या चोट के निशान का जिक्र नहीं है।

# माइग्रेशन को लेकर अगले सप्ताह का दिया आश्वासन

- निजी कॉलेज मामले में हांसी विधायक से मिली खाप पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में विवाद के बाद माइग्रेशन में हो रही देरी के मुद्दे पर शुक्रवार को छात्राओं की ओर से खाप व अन्य ग्रामीणों ने शुक्रवार को हांसी विधायक विनोद भयाना से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह खुद चंडीगढ़ जाकर इस कार्य को करवाकर आएंगे। इसके बाद छात्राओं से फोन पर बातचीत करके उनको भी दिलासा दिलाई। बता दें कि गुरुवार को कॉलेज की छात्राओं ने खाप पंचायत और दोनों गांव की कमेटी के मौजिज लोगों के साथ माइग्रेशन को लेकर बातचीत की। सरकार की तरफ से छात्राओं को 15 जनवरी तक का समय दिया गया था। लेकिन आवदेन देने के बावजूद किसी एक भी छात्रा का माइग्रेशन नहीं हुआ।

माइग्रेशन को लेकर कॉलेज की छात्राएं एक बार फिर लामबंद हो गई है। समझौता के समय विधायक विनोद भ्याना ने छात्रों को 15 दिन का समय दिया था जो कि पूरा हो चुका है। शुक्रवार को छात्रों की तरफ से का प्रतिनिधि और ग्रामीण विधायक विनोद भ्याना से मिलने के लिए हांसी पहुंचे। जिनमें बाहरा खाप प्रधान रत्न मिलकपुर, किसान नेता सुरेश कोथ, बलवान सिंह, भाजपा नेता नरेश वर्मा, गांव कागसर के सरपंच सत्यवान, जोगिंदर मान, अनिल कुमार ने विधायक विनोद भ्याना से सभी पहलुओं पर चर्चा की। विधायक ने आश्वासन दिया कि मंगलवार वे खुद चंडीगढ़ जाकर छात्राओं के माइग्रेशन की जो मांग थी उसको पूरा करने का काम करेंगे।

### विधायक करवाएंगे कार्य

बाहरा खाप प्रधान रत्न मिलकपुर ने बताया कि विधायक विनोद भ्याना से मिलकर छात्राओं के माइग्रेशन की मांग को रखा उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले सप्ताह वह खुद चंडीगढ़ जाकर इस कार्य को करवाने का काम करेंगे। उसके बाद छात्राओं से भी बातचीत की गई और उनको अगले सप्ताह का समय दे दिया गया है।

### हमें सरकार से उम्मीद

छात्राओं ने बताया कि शुक्रवार को खाप प्रतिनिधि और गांव राजथल और कागसर की कमेटी के लोग उनसे मिलने गए थे। उसके बाद आपके लोगों का हमारे पास फोन आया और कहा कि मंगलवार को विधायक चंडीगढ़ जाकर आपके कार्य को करवा कर ही वापस आएंगे। हमें सरकार से उम्मीद है कि अब हमारे माइग्रेशन जल्द से जल्द करें ताकि हमारी पढ़ाई खराब न हो।

# आर्यनगर में पकड़ी भारी मात्रा में शराब, दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**राजस्थान ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की थी तैयारी**

जिले की सीआईए टीम ने आर्यनगर गांव के पास स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब पकड़ी है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों ने शराब की पेटियों को घरेलू सामान (पैकिंग) के बीच एक वाहन में छिपा रखा था। बरामद हुई शराब की कीमत 1.90 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार सीआईए टीम के पीएसआई नवीन कुमार को आर्यनगर बस अड्डा पर गश्त के दौरान इस अंग्रेजी शराब की सूचना मिली। सूचना के अनुसार गांव का कुलदीप नामक व्यक्ति, जो किराए के गोदाम से अवैध शराब का धंधा करता है। वह अपनी पिकअप में घरेलू सामान के नीचे शराब छिपाकर सप्लाई करने की फिराक में है। पुलिस जब गोदाम पहुंची तो आरोपी कुलदीप गाड़ी की ड्राइवर सीट पर बैठा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर कुलदीप और उसके साथी संदीप को धर दबोचा। जब पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो घरेलू सामान की पैकिंग के बीच से कुल 45 पेटियां अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इनमें 22 पेटियों में कुल 264 बोतलें मिली है।

### 90 हजार की शराब पकड़ी

पुलिस के अनुसार 19 पेटियों में 912 पव्वे और 4 अन्य पेटियों में 192 पव्वे इसमें थे। जब्त की गई शराब की कुल बाजार कीमत लगभग एक लाख 90 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी चुरू निवासी कुलदीप ने बताया कि पिकअप उसकी पत्नी के नाम पर है। वह इस शराब को राजस्थान में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी में था। दूसरा आरोपी भिवानी निवासी संदीप कमीशन पर शराब की पैकिंग और सप्लाई का काम करता था।

## जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में चार काबू

- आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी व डंडे बरामद

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने जान से मारने की नीयत से हमला करने के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरसाना निवासी सुनील व देवेंद्र, बालसमंद निवासी रामफल व सिरसा के रामपुरा बागड़िया न निवासी कोमल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बालसमंद चौकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सरसाना निवासी निर्मल सिंह लड़ाई-झगड़े में गंभीर रूप से घायल होकर जिले के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस को घायल की पत्नी ने शिकायत दी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके पति पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई हैं। शिकायत के आधार पर सदर थाना में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत पिछले वर्ष 12 अक्टूबर को केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

## कलेक्टर रेट ऐसे होने चाहिए, जो लोगों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न डालें

*कलेक्टर रेट निर्धारण बारे डीसी ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक*

# कलेक्टर रेट निर्धारण से पूर्व सभी तहसीलों से विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

- कलेक्टर रेट वो ही होने चाहिए जो सरकारी राजस्व को नुकसान न पहुंचाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में कलेक्टर रेट निर्धारण की प्रक्रिया बारे जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में संपत्ति के कलेक्टर रेट को पारदर्शी और वर्तमान बाजार दरों के अनुरूप तय करना है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और राजस्व प्रणाली सुदृढ़ हो सके।

बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर रेट तय करते समय शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति, विकास कार्यों, सडक़, बिजली, पानी, सीवरेज, बाजार की उपलब्धता तथा भविष्य की विकास संभावनाओं को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर रेट ऐसे होने चाहिए, जो न तो आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालें और न ही सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर रेट निर्धारण से पूर्व सभी तहसीलों से विस्तृत रिपोर्ट तैयार करवाई जाए। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर जाकर बाजार दरों का सर्वे किया जाए और जमीन की श्रेणी, उपयोग व स्थान के अनुसार अलग-अलग दरें प्रस्तावित की जाएं। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम सहित सभी उपमंडलों के नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style

# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### हिसार-अमृतसर स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**हिसार।** रेलवे की ओर से हिसार-अमृतसर एक तरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04753, हिसार-अमृतसर एक तरफा स्पेशल ट्रेन 05 मार्च को हिसार से 23.55 बजे चलकर अगले दिन 07.40 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह बरवाला, उकलाना, जाखल, लेहरा गागा, सुनाम उधम सिंह वाला, संगरूर, धुरी, मलेर कोटला, अहमदगढ़, लुधियाना, फिल्लौर, गोराया, फगवाड़ा, जालन्धर कैंट, जालन्धर सिटी, करतारपुर, ब्यास व जन्दिअला स्टेशनों पर ठहरेगी।

### श्री राधे कृष्णा सेवा समिति ने बांटे कंबल

**हिसार।** श्री राधे कृष्णा सेवा समिति के सदस्यों ने ओवरब्रिज के नीचे, रैन बसेरा, सती मंदिर के पास अस्थाई रूप से जीवन यापन करने वाले जरूरतमंदों को गर्म कंबल, शाल व जूते वितरित किए। इस मौके पर समिति के कार्यकारणी प्रधान डॉ महिपाल मुंजाल, अमरलाल कुकड़ेजा,पंडित नरेंद्र शर्मा, गुरबख्श लाल खुराना, राम कामरा, मनीष बब्बर, महेंद्र ठकराल, राजकुमार अरोड़ा, सुमित मुंजाल, धर्मवीर माटा आदि थे।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र 18 को

**हिसार।** साधकों को सदमार्ग दिखाने के लिए प्रयत्नशील ओशो ध्यान उपवन में 18 जनवरी को ध्यान है मंगल भाव की यात्रा विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होने वाले इस ध्यान सत्र में ध्यान का महत्व समझाते हुए मंगल भाव पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही ध्यान विधियों से भी साक्षात्कार करवाया जाएगा। यह जानकारी ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने दी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष जैन का निधन

**हिसार।** दिगंबर जैन समाज के श्रावक श्रेष्ठी, सेक्टर-14 पार्ट-2 निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष जैन का 82 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया। कुछ दिनों पूर्व उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद से वे अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से जैन समाज सहित शहरभर में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय सुभाष जैन, जैन समाज के वरिष्ठ, प्रतिष्ठित एवं सम्मानित सदस्य रहे। वे पूर्व में धौबियान वाली गली, मोती बाजार क्षेत्र में भी निवासरत रहे और अपने सरल, संयमित स्वभाव, धार्मिक आस्था तथा समाजसेवा के लिए विशेष पहचान रखते थे।

### पीएम सूर्य घर योजना से करें घर रोशन : नरवाल

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस योजना के माध्यम से लोग अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर न केवल बिजली की बचत कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को छत पर सोलर सिस्टम स्थापित करने पर केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

## समस्या का समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# अंडरपास का निर्माण तुरंत नहीं किया तो 17 के बाद काम रोकेंगे

*15 दिन बीतने के बाद भी सांसद और विधायक समेत किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं दिया समस्या पर ध्यान : रिंकू वर्मा*



हिसार। अंडरपास की मांग पर धरने पर बैठे क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

उकलाना में सिरसा–चंडीगढ़ रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे प्रस्तावित अंडरपास मामले में क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांग की है कि जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंडरपास का निर्माण तुरंत किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रमुख समाजसेवी रिंकू वर्मा ने बताया कि अंडरपास की मांग पर ज्ञापन दिए हुए 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन न तो किसी विधायक, न सांसद और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की नाकामी के कारण जनता को भ्रमित किया जा रहा है और जनहित के मुद्दे को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुगलपुरा, शंकरपुरा, कुंदनपुरा सहित अनेक गांवों के लोगों के आपसी संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट चुके हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि पैदल यात्री, बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और पशु तक सुरक्षित रूप से आवागमन नहीं कर पा रहे। आने वाले समय में तो हालात यह होंगे कि लोगों को श्मशान तक जाने का रास्ता भी नहीं बचेगा।

ऑटो मार्केट के प्रतिनिधि बलजीत नंबरदार व ऑटो मार्केट प्रधान कपूर सिंह लोटा ने कहा कि ऑटो मार्केट के व्यापारियों और आम जनता को मूर्ख बनाया जा रहा है। अंडरपास के बिना कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है, जिससे व्यापार पूरी तरह ठप हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने बताया कि 17 तारीख को अन्य यूनियनों के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके बाद आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी और निर्माण कार्य को रोकने का निर्णय लिया जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कपूर सिंह लोटा प्रधान, बलजीत नंबरदार, पूर्व प्रधान राजकुमार जांगड़ा, सुभाष चंद्र, रिंकू वर्मा, नीरज बंसल, बलवान सिंह, प्रिंस रेलहन, सुल्तान सिंह, कमल सिंगल, लखबीर सिंह, रतन सिंह, हरमिंद्र सिंह, कृष्ण कबाड़ी, प्रवीण शर्मा, हेमचंद, मनजीत सिंह, जसवंत सिंह, गुरमीत सिंह, नन्हा मिस्त्री, लीला सेन, सुनील, रणजीत सिंह, राजेश, वजीर सिंह, सुभाष नेहरा, राकेश व उदयवीर आदि मौजूद थे।

### बिना सुनवाई रद्द किया अंडरपास

गौरतलब है कि ओवरब्रिज के निर्माण के समय अंडरपास नियमानुसार पहले स्वीकृत था, लेकिन बाद में अधिकारियों द्वारा इसे बिना जनसुनवाई के कैंसिल कर दिया गया। ऐसे में अब इसे पुनः बनवाने की मांग लगातार की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से आग्रह किया है कि जनहित, सुरक्षा और सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तुरंत अंडरपास निर्माण का निर्णय लिया जाए, अन्यथा आंदोलन के लिए सरकार और प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- बिजली कर्मचारी 20 को पंचकूला में जताएंगे रोष



हिसार। ऑनलाइन तबादला नीति का विरोध जताते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एचएसईबी यूनियन की शुक्रवार को विद्युत नगर के प्रांगण में मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुभाष ने की व मंच का संचालन सचिव राहुल राणा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उप महासचिव सतेंद्र सहारण मौजूद रहे। केंद्रीय परिषद के आदेशानुसार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनियन नेता प्रदीप लौरा ने कहा कि बिजली निगम का कार्य जोखिम भरा है। कर्मचारियों के दूसरी जगह ट्रांसफर होने से उनके हादसों में वृद्धि होगी, क्योंकि नई जगह पर उन्हें नई लाइन की जानकारी नहीं होती। यूनिट प्रधान सुभाष ने सरकार को चेताया कि बिजली विभाग में घटनाओं को रोकने के लिए और कार्य को सुचारू रूप से चलने देने के लिए बिजली निगम की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। सचिव राहुल ने कहा 20 तारीख को पंचकूला में हजारों कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सर्कल सचिव जसवंत, रणदीप मोर, यूनिट-2 के प्रधान दिनेश गिल, यूनिट-1 के प्रधान शमशेर यादव, सुरेश बेरवाल, दिनेश, सतीश बूरा, सुरेंद्र, मंजीत, सुनील दुआ आदि मौजूद थे।

# जेआईएमएस में लॉन्च किया स्काई वाकर ऑर्थोपेडिक रोबोटिक सिस्टम

- यह सुविधा मुहैया करवाने वाला उत्तर भारत कापहला चिकित्सकीय संस्थान बन गया है जेआईएमएस



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करती जेआईएमएस मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ऋतू चोपड़ा, डॉ. सिद्धार्थ बाहेती व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (जेआईएमएस) उत्तर भारत का ऐसा पहला चिकित्सकीय संस्थान बन गया है, जहां यूएसए स्थित माइक्रोप्रोपोर्ट ऑर्थोपेडिक्स के साथ मिलकर घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए अत्याधुनिक स्काई वाकर ऑर्थोपेडिक रोबोटिक सिस्टम लॉन्च किया गया है। हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हड्डी रोग चिकित्सा के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक स्थापना एक बड़ा मील का पत्थर है। जिंदल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ऋतू चोपड़ा ने बताया कि अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय तकनीक इस अभियान का केंद्र है और अपने मरीजों को स्काई वाकर रोबोटिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने वाली उत्तर भारत की पहली संस्था बनने पर हम बेहद गौरवान्वित है। जेआईएमएस के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ बाहेती ने क्षेत्र की चिकित्सा जरूरत को लेकर बात करते हुए कहा कि ग्रामीण हरियाणा और पंजाब में हम घुटनों में ओस्टियो आर्थराइटिस की संख्या में एक खासा इजाफा देख रहे हैं। आज ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी इलाकों में 60 से 65 फीसद की बुजुर्ग जनसंख्या इससे प्रभावित है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 15 से 20 फीसद लोगों में स्थिति बेहद खराब हो चुकी है, जिसमें बोन टू बोन आर्थराइटिस के साथ गंभीर शारीरिक विकृति हो चुकी है।

# विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में एलुमनी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने किया पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन



हिसार। पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का उद्घाटन करते डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य एवं उपस्थित अन्य अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेश कुमार, डीन एफईटी प्रो. संदीप कुमार आर्य, वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एचसी गर्ग, प्रो. विशाल गुलाटी, प्रो. मुनीष गुप्ता, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. पुनीत कत्याल, विभाग के अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. मुनीष गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान संस्कृति तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में एलुमनी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रो. महेश कुमार, प्रो. एचसी गर्ग एवं डीन एफईटी द्वारा प्रेरणादायक संबोधन दिए गए, जिनमें शैक्षणिक विकास, नवाचार तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को सशक्त बनाने में

# आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ें छात्राएं : डॉ. सांगा

- राजकीय महिला महाविद्यालय में मनाया स्टार्टअप दिवस



हिसार। छात्राओं को स्टार्टअप बारे जानकारी देते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल व एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस' के उपलक्ष्य में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें हारट्रोन कंप्यूटर सेंटर के व्यवसाय विकास प्रबंधक कृष्ण कांत शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ईडीसी इंचार्ज शाईना तेहरिया ने व्याख्यान के विषय 'हाउ आई टी स्किल्स कैन टर्न यू ईंटो ऐन एंटरप्रेन्योर' पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने कहा कि हम अपनी रोजमर्रा की ज़िंदगी में ऐसी बहुत सी संभावनाएं पहचान सकते हैं जिसमे हम अपना बिज़नेस शुरू कर सकते है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता कृष्ण कांत शर्मा ने सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश के आर्थिक विकास में सूचना प्रौद्योगिकी का अभूतपूर्व योगदान है। आईटी की मदद से घर पर बैठ कर आप दुनिया के हर कोने तक अपने बिजनेस को पहुंचा सकते हो।

### उद्यमिता विकास से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना संभव होगा

*मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष सतीश सिंगला ने बताया की भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना उद्यमिता के विकास के साथ ही संभव हो सकता है। कुछ प्रसिद्ध उद्यमियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि किस तरह एक छोटे से आइडिया से बड़ा बिज़नेस साम्राज्य स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. वसुंधरा, डॉ. राकेश, डॉ. अनीता तनेजा, हिना पाहुजा व डॉ. सुमन बंसल मौजूद रहे।*

# किसान-मजदूरों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन, ज्ञापन भी सौंपा

- बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग



हिसार। ज्ञापन देते किसान सभा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की ओर से शुक्रवार को बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर सैकड़ों किसान व मजदूरों ने हकृवि गेट नंबर 4 पर इकट्ठा होकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने ज्ञापन भी सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि हिसार जिला के विभिन्न गांवों, शहरों और कस्बों के मोहल्लों में पिछले दिनों आई भारी बारिश की वजह से सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है। फसलें तो बड़े इलाका में बर्बाद हुई हैं। मुख्यमंत्री ने दिवाली तक मुआवजा देने की घोषणा की थी परंतु अभी तक कुछ नहीं दिया गया है और जो घोषणा भी की है वो भी नाममात्र है। इसके साथ ही मनरेगा का स्वरूप और नाम बदल कर इसे एक तरह से निष्प्रभावी कर दिया है। मनरेगा गरीब किसानों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा की तरह है। इसलिए इसकी बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान कपूर बगला ने की और संचालन सरबत पूनिया ने किया। प्रदर्शन को शमशेर नंबरदार, सतबीर धायल, दिनेश सिवाच, कमला, बबली लांबा, संदीप धीरनवास आदि शामिल थे।



हिसार। जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र बांटती वीणा कुमारी। फोटो :हरिभूमि

### समाजसेविका वीणा ने आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को बांटे गर्म वस्त्र

**हिसार।** समाज सेविका वीणा कुमारी ने कंपकंपाती ठंड में आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंद व गरीब महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को कंबल, लोई, शॉल व गर्म कपड़े इत्यादि का वितरण किया। सर्दी से बचने के लिए उन्होंने लगभग 150-200 जरूरतमंद लोगों को यह सामान बांटा। यह सामग्री को प्राप्त कर लोगों ने समाजसेविका वीणा का धन्यवाद किया और बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। समाजसेविका एवं वर्मा न्यूज एजेंसी निदेशिका वीणा कुमारी पिछले 25 वर्षों से किसी कारण अपनों से बिछुड़ चुके लगभग 250 से भी ज्यादा महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों को उनके घर परिवार तक मिलवा चुकी हैं और अभी तक दर्जनों राज्यों के बेसहारों को जीवन की मुख्यधारा में आने के लिए अपना पूर्ण सहयोग कर चुकी हैं। उनका ये कार्य वर्तमान में भी निरंतर जारी है।

# स्वयं पाठ्यक्रम आईटीईपी विद्यार्थियों के लिए विशेष उपयोगी : डॉ. विवेक

- विद्यार्थियों के लिए 'स्वयं' पाठ्यक्रमों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए 'स्वयं' पाठ्यक्रमों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को 'स्वयं' के अंतर्गत उपलब्ध 'मूक्स' पाठ्यक्रमों, उनके शैक्षणिक लाभ तथा यूजीसी दिशा-निर्देशों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु जंभेश्वर जी महाराज के आशीर्वाद के साथ किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ के रूप में स्वयं समन्वयक एवं भौतिकी विभाग के डॉ. विवेक गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वयं मंच के प्रभावी उपयोग, स्व-अध्ययन, डिजिटल साक्षरता तथा भविष्य उन्मुख शिक्षण कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वयं पाठ्यक्रम आईटीईपी विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं, क्योंकि ये लचीली शिक्षण व्यवस्था, राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से सीखने का अवसर तथा शैक्षणिक प्रोफाइल को सशक्त बनाने में सहायक हैं।

# शुभम लंदन की इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट्स के विशिष्ट सदस्य नियुक्त

- प्रताप नगर के रहने वाले हैं सीए शुभम अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



सीए शुभम अग्रवाल।

प्रताप नगर निवासी सीए शुभम अग्रवाल को इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट्स का विशिष्ट सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. आदिश सी. अग्रवाल की ओर से प्रदान की गई है। काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. आदिश सी. अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता व सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, एआईबीए अध्यक्ष, पूर्व विशेष वकील (भारत सरकार), अनेक राज्यों के पूर्व अपर अधिवक्ता जनरल, बीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष व पूर्व उपाध्यक्ष, बीसीडी के पूर्व अध्यक्ष सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदों पर नियुक्त हैं। इसके अतिरिक्त जॉर्डन के पूर्व प्रधानमंत्री आउन एस अल-खसावनेह तथा न्यायमूर्ति डॉ. केजी बालकृष्णन, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश इस संस्था के सह-अध्यक्ष हैं।

### गुजवि के कुलसचिव ने दिए प्री-बजट सुझाव

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने राज्य के शिक्षा बजट से संबंधित अपने महत्वपूर्ण सुझाव राज्य सरकार के साथ सांझा किए हैं। डा. विजय कुमार ने एप्रेल हाउस गुरुग्राम में हुई शिक्षा क्षेत्र की प्री-बजट बैठक में शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल में गुजविप्रौवि का प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए क्रांतिकारी कदम है। इस नीति का और प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किए जाने के लिए शिक्षण संस्थानों में समुचित आधारभूत ढांचा स्थापित किया जाना आवश्यक है।

## एसडी महिला महाविद्यालय में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन

# हिन्दुत्व की भावना छूटने से पराधीन हुआ था देश

संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की शृंखला में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। दीप प्रज्वलित करते प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेन्द्र पाल, साथ में है कृष्ण यादव।

एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की शृंखला में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. सुरेन्द्र पाल, प्रान्त प्रचारक हरियाणा एवं कृष्ण यादव हिसार विभाग कार्यवाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्नल यशवीर सिंह ने की। कार्यक्रम में संयोजक के तौर पर कृष्ण यादव सह जिला संघ चालक हांसी, परविन्द लोहान, विभाग ग्राम विकास संयोजक तथा हेमन्त सोनी, नगर कार्यवाह हांसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन परविन्द लोहान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व गीत वन्दे मातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. सुरेन्द्र पाल द्वारा संघ स्थापना के कारण से लेकर समाज में संघ की भूमिका तथा दायित्व का वर्णन किया गया। डॉ. पाल ने बताया कि संघ की स्थापना विक्रमी सम्वत 1982 के विजयदशमी अर्थात 27-9-1925 को हुई थी।

उन्होंने बताया कि संघ संस्थापक डॉ. हेडगवार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रयासों के साथ-साथ चिन्तन व महसूस किया कि इतना महान समृद्ध हमारा देश पराधीन कैसे बना। इसमें उन्होंने माना कि हमारे देश में हिन्दुत्व की भावना छूटने तथा अकेलेपन की भावना आने के कारण ऐसा हुआ। इसके लिए समाज में आत्म जागृति, स्वाभिमान, एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण आवश्यक है और इन्ही आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संघ की स्थापना की गई।

### समाज निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान

*कृष्ण यादव ने बताया कि समाज निर्माण में हर व्यक्ति का योगदान होता है तथा संघ के स्वयंसेवक यही कर रहे है वहीं उन्होंने पंच परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। पंच परिवर्तन पर बोलते हुए उन्होने कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व आधारित जीवन तथा नागरिक कर्तव्यों पर चर्चा की।*

**खबर संक्षेप**

### भवन निर्माण मजदूर संघ ने बैठक की

**नारनौंद।** भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक 17 जनवरी से कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार आवास पर दो दिवसीय महापड़ाव को लेकर तहसील नारनौंद के कार्यकारी प्रधान फूल कुमार मिलकपुर की अध्यक्षता बैठक की। निर्माण मजदूर मोर्चा के आह्वान पर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 जनवरी व 18 जनवरी को महापडाव की घोषणा को लेकर चर्चा की गई। उधर, हरियाणा प्रदेश इंटक के महामंत्री धर्मवीर सिंह लोहान ने गांव कागसर, राजथल, मिलकपुर आदि में नुक्कड़ सभा कि गई और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को जागरूक किया।

### तीन छात्रों को मिला प्री-प्लेसमेंट ऑफर

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहु तकनीकी संस्थान के टैक्सटाइल प्रोसेसिंग विभाग के तीन छात्रों अरविंद यादव, कुलदीप एवं नीतीश कुमार को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से उत्तर भारत की नामी कंपनी नितिन स्पिनरस लिमटिड राजस्थान में टेक्सटाइल डिप्लोमा ट्रेनी के तौर पर प्री- प्लेसमेंट ऑफर मिल गया है छात्रों को 21000 रुपये प्रति माह का वेतन ऑफर किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव शर्मा एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. मुकेश बंसल ने छात्रों को जी जान से अपनी नौकरी करने के साथ शुभकामनाएं दी।

### खुले में कचरा डालने पर किए आठ चालान

**हिसार।** नगर निगम की ओर से स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने नई सब्जी मंडी गेट के सामने खुले में कचरा डालने पर ई-कार्ट कंपनी के कर्मचारी का चालान किया। वहीं जहाजपुल पर खुले में कचरा डालने पर एक निजी बैंक कर्मचारी का चालान किया गया। एएसआई कपिल व एएसआई सरोज ने कैमरी रोड पर खुले में कचरा डालने पर आठ व कचरे को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर वाहन में न डालन पर दो के चालान किए।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 19 को

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 जनवरी प्रातः 10 बजे गांव गंगवा स्टेडियम के नजदीक राम देव मंदिर में आयोजित होगी। हिसार अर्बन से महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कृष्णा चहल ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है।

### कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन 20 से

**हिसार।** वर्ष 2025-26 की फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन 20 से 22 जनवरी तक किया जाएगा। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत पूरे प्रदेश में एक साथ व्यक्तिगत अनुदान पर दिए गए कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन गठित कमेटियों द्वारा ब्लॉक वाइज मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा।

### 12 फरवरी तक जारी रहेगा सूर्यनमस्कार अभियान

**हिसार।** हरियाणा योग आयोग द्वारा आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, खेल विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रदेशभर में सूर्य नमस्कार अभियान निरंतर रूप से जारी है। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी से अभियान की शुरूआत की गई थी, जोकि 12 फरवरी यानी स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती तक जारी रहेगी।

---

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप हुड्डा ने कहा कि अतिक्रमण अभियान निरंतर जारी है,इसमें और सख्ती बरती जाएगी

# जहां से अतिक्रमण हटाया, वहां निरंतर करते रहे निगरानी

## अतिरिक्त आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश





**हिसार।** बैठक को संबोधित करते अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा तथा खाली करवाया गया बरामदा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- अतिक्रमण नहीं हटाने पर सामान जब्त करेगा नगर निगम

शहर को अतिक्रमण से मुक्त बनाने के अभियान बारे अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने तहबाजारी और पशु पकड़ो अभियान की टीम के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरे शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान निरंतर चल रहा है और अब इसमें और सख्ती बरती जाएगी। अतिक्रमण अभियान की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रशंसनीय है। जहां-जहां से अतिक्रमण हटाया गया है वहां की निरंतर निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि दोबारा अतिक्रमण न हो।

उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर आने व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाते समय टीम वर्क में कार्य करें। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने दुकान, संस्थान, प्रतिष्ठान के संचालक व अन्य से अपील की है कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

अगर किसी ने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो जल्द से जल्द स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा नगर निगम अतिक्रमण हटाने और सामान जब्त करने की कार्रवाई करेगा। बैठक में वकार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, जेई राजकुमार, एएसआई संदीप बिश्नोई सहित टीम मौजूद रही।

### नगर निगम ने हटाया मार्केटों व मुख्य मार्गो से अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम की ओर से निरंतर जारी है। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरुआत दिल्ली रोड से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने सिरसा चुंगी, लोकल बस स्टेंड व तलाकी गेट ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा ऑटो मार्केट, राजगुरु मार्केट व इसके आसपास के मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ टीम ने राजगुरु मार्केट में कुछ दुकानदारों के द्वारा बरामदों में सामान रखने पर उनका सामान जब्त किया गया। इस दौरान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो।

---



**हिसार।** वेस्ट पिकर्स का पंजीकरण करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# नमस्ते योजना से वेस्ट पिकर्स का पंजीकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- श्रमिकों को नहीं काटने पड़ेंगे बार-बार कार्यालयों के चक्कर

नगर निगम ने शहर के वेस्ट पिकर्स के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। केन्द्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत मोबाइल ऐप के माध्यम से शहर के सभी वेस्ट पिकर्स (कचरा बीनने वाले एवं कचरा कर्मी) का पंजीकरण किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वेस्ट पिकर्स को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य सरकारी लाभ उपलब्ध कराना है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेडीसी) की ओर से करवाया जा रहा है। नगर निगम इस सर्वे को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, ताकि शहर में कार्यरत प्रत्येक पात्र वेस्ट पिकर इस योजना का लाभ उठा सके। मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाने वाला यह पंजीकरण पूरी तरह डिजिटल, सरल और पारदर्शी है, जिससे श्रमिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नमस्ते योजना के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

### पंजीकरण की गुहार

नगर निगम ने शहर के सभी पात्र वेस्ट पिकर्स से अपील की है कि वे इस मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। जिन श्रमिकों को ऐप के उपयोग में किसी प्रकार की कठिनाई हो रही है, उनके लिए नगर निगम द्वारा सहायता और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की जा रही है। पंजीकरण प्रक्रिया में आवश्यक दस्तावेजों को सरल रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ सकें। इस अवसर पर सीटीएल प्रदीप जाखड, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू व आईसी एक्सपर्ट हरिराम गुज्जर मौजूद रहे।

---

# पार्षद हरिराम सैनी बने राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- प्रदेश के 22 जिलों में 25 सदस्यीय कार्यकारिणी की गई गठित



**हांसी।** पार्षद हरिराम सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपते प्रदेशाध्यक्ष जसबीर सिंह सैनी

नगर परिषद हांसी के वार्ड नंबर दो से लगातार चार बार से पार्षद बने हरिराम सैनी को राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा का हांसी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वार्ड नंबर दो में आयोजित एक सभा में राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष जसबीर सिंह सैनी ने हरियाणा सैनी को जिलाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जसबीर सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सैनी सभा प्रदेश में सैनी समाज के पिछड़े व वंचित लोगों के उत्थान तथा उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री या सरकार तक पहुंचा कर उनका समाधान करवाने के लिए सभा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर रही है। उन्होंने बताया कि हांसी में समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की मौजूदगी में पार्षद हरिराम सैनी को सर्वसम्मति से हांसी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरिराम सैनी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष जसबीर सिंह सैनी व समाज के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वे पूरी मेहनत, निष्ठा व लगन से काम कर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे इससे पूर्व 2009 में राष्ट्रीय सैनी सभा दिल्ली के युवा प्रदेशाध्यक्ष बने थे और उस समय भी प्रदेश के सभी 22 जिलों में जिलाध्यक्षों सहित 25 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया था।

---

# गरीबों को अधिकारों से वंचित करने की भाजपा की साजिश जनता करेगी नाकाम : चंद्रप्रकाश

- विधायक चंद्रप्रकाश ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लगाया जनता दरबार
- मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आदमपुरवासियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



**आदमपुर।** प्रदर्शन करते विधायक चंद्रप्रकाश व हलकावासी। फोटो : हरिभूमि

गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए शुरू किए गए मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मंडी आदमपुर में विधायक चंद्रप्रकाश ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान हलकावासियों से विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर आदमपुरवासियों ने प्रदर्शन करते हुए वीबी जी राम जी योजना का नाम दोबारा मनरेगा रखकर उसके मूल स्वरूप को लागू करने की मांग की। हलकावासियों ने स्पष्ट किया कि मनरेगा काम का अधिकार है और इस संवैधानिक हक को किसी भी कीमत पर छीनने नहीं देंगे। इस दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने मनरेगा बचाओ संग्राम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़े वर्ग को अधिकारों से वंचित करने की भाजपा की कोशिश के चलते कांग्रेस पार्टी ने जनता के हितों के लिए यह अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जनता एकजुट होकर भाजपा की यह कोशिश नाकाम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने रोजगार सुनिश्चित करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम शुरू किया था लेकिन भाजपा ने इस योजना का स्वरूप और नाम बदलकर गरीबों के साथ कड़वा मजाक किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महात्मा गांधी के सिद्धांतों को दरकिनार करते हुए अपनी मनमानी पर उतर आई है।

---



**उकलाना।** प्रवचन देते राम उपाध्याय। फोटो : हरिभूमि

### वृंदावन है भगवान श्रीकृष्ण का घर : उपाध्याय

- कथा के छठे दिन राम उपाध्याय ने कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

**उकलाना।** श्री श्याम मंदिर उकलाना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति और कृष्णमय वातावरण से सराबोर रहा। कथा वाचक राम उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि वृंदावन ही भगवान श्रीकृष्ण का वास्तविक घर है, इसलिए युग-युगांतर तक उनका आगमन वहीं होता रहा है। वृंदावन की भूमि श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला और प्रेम-भक्ति की साक्षी रही है। छठे दिन की कथा में श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पर्वत धारण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। राम उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से प्रेम, करुणा, धर्म और सत्य का संदेश दिया। गोवर्धन लीला के माध्यम से उन्होंने अहंकार का नाश और प्रकृति की रक्षा का संदेश समाज को दिया।

---

# मनरेगा मजदूरों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- जी राम जी योजना के खिलाफ 11 को मजदूर करेंगे आंदोलन



**नारनौंद।** मनरेगा मजदूर एसडीईएम विकास यादव को ज्ञापन सौंपते हुए।

मनरेगा सहयोग मंच आह्वान पर मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन किया । इसकी अध्यक्षता मंच ब्लॉक प्रधान प्रताप लोहारी ने की ओर एसडीएम विकास यादव को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मनरेगा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने की नई व्यवस्था (जी राम जी) की कड़े शब्दों में निंदा की गई। उन्होंने इस नई योजना के खिलाफ लड़ने का आहवान किया 11 फरवरी को मनरेगा में लगे सभी मेट मजदूर राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने बताया कि नया कानून मजदूरों के रोजगार की गारंटी को खत्म करता हैं। मजदूरों को संबोधित करते हुए राम अवतार ने कहा कि तमाम राज्य बजट सेशन पर 11 फरवरी को हड़ताल करेंगे और सरकार से मांग करते हैं कि देश में पूरे साल काम, सात सो रुपए मजदूरी नरेगा में काम करने वाले सभी कर्मचारी मेट समेत पक्का किया जाए। कार्यक्रम में प्रताप लोहरी, रामनिवास,के एल ग्रोवर,जिला सचिव कृष्ण कुमार, अनिता ,गीता, श्याम,सुरेंद्र सिंह ढाणी ,राजकुमार आदि मौजूद थे।

---



**हिसार।** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### प्रश्नोत्तरी में साक्षी व भाषण में कोमल रही प्रथम

- सरस्वती नदी की विरासत पर राजकीय महिला कॉलेज में प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**हिसार।** हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड, पंचकूला के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय महाविद्यालय में लोकप्रशासन एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती महोत्सव-2026 की श्रृंखला में सरस्वती नदी की विरासत पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्राओं को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में होने वाली जिला स्तरीय इंटर-कालेज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति बहुत ही उज्ज्वल थी। इस अवसर पर लोकप्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. विजेन्द्र बेनीवाल और इतिहास विभागाध्यक्ष महेंद्र सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

---

### जींद रोड फ्लाईओवर के पास मिले शव की हुई शिनाख्त

**बरवाला।** जींद रोड फ्लाईओवर के पास गुरुवार को मिले एक व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है। इस शव की शिनाख्त वार्ड नंबर 8 निवासी संजय (37) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक व्यक्ति संजय के शव का नागरिक अस्पताल हिसार में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई वार्ड नंबर 8 निवासी बलवान के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को संजय के चचेरे भाई का स्वर्गवास हो गया था। संजय अपने चचेरे भाई के दाह संस्कार के समय स्वर्ग आश्रम गया था। रखवाली के लिए कुछ समय के लिए संजय स्वर्ग आश्रम में रह गया था। धुंध के चलते अपने घर आते वक्त संजय रास्ता भटक गया तो वो जींद रोड पर पहुंच गया।

---

## गुजवि एवं जापान के कंसाई विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर और पीएचडी एक्सचेंज से खुलेंगे वैश्विक द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- तकनीकी नवाचार के नए रास्ते खोलेगा एमओयू

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में जापान के प्रसिद्ध कंसाई विश्वविद्यालय के साथ एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता न केवल हिसार बल्कि पूरे उत्तर भारत के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए तकनीकी नवाचार और वैश्विक करियर के नए रास्ते खोलेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि कंसाई विश्वविद्यालय के साथ यह सांझेदारी हमारे विश्वविद्यालय के लिए एक मील का पत्थर है। हमारा उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर करियर संभावनाएं प्रदान करवाना है। एआई सेंटर और पीएचडी एक्सचेंज के माध्यम से हिसार की प्रतिभा अब टोक्यो और ओसाका के तकनीकी हब में अपनी चमक बिखेरेगी। यह समझौता भारत के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य और जापान की 'सोसायटी 5.0' की परिकल्पना को जोड़ने का काम करेगा। इससे न केवल हरियाणा के विद्यार्थियों को जापानी भाषा और संस्कृति सीखने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में करियर बनाने का सीधा अवसर भी प्राप्त होगा।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों के आदान-प्रदान पर विशेष जोर



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि एमओयू के तहत विद्यार्थियों व शिक्षकों के आदान-प्रदान (मोबिलिटी) पर विशेष जोर दिया गया है। गुजवि के विद्यार्थी कंसाई विश्वविद्यालय में जाकर अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) और लंबी अवधि के कोर्स कर सकेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर एक-दूसरे के यहां जाकर 'विजिटिंग फैकल्टी' के रूप में पढ़ाएंगे और संयुक्त शोध पत्रों (ज्वाइंट पेपर्स) पर काम करेंगे। इस एमओयू का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'जापान फ्यूचर्स लैब' है। यह दो साल का एक एकीकृत शिक्षण कार्यक्रम है जिसे विशेष रूप से भारतीय विद्यार्थियों के लिए डिजाइन किया गया है। प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों को जापानी भाषा (जेएलपीटी एन5 स्तर) और वहां की संस्कृति का प्रारंभिक ज्ञान भी दिया जाएगा तथा द्वितीय वर्ष में उन्नत भाषाई कौशल और भविष्य के करियर अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सफल विद्यार्थियों को कंसाई विश्वविद्यालय और एक्यूमेन द्वारा संयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जो जापान में नौकरी पाने में सहायक होगा।

### समझौते के मुख्य बिंदू

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। गुजविप्रौवि में जापान के सहयोग से एक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एआई' स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के क्षेत्र में शोध का मुख्य केंद्र होगा। इससे विद्यार्थी और संकाय सदस्य आधुनिक जापानी तकनीक के साथ एआई आधारित नए समाधान (इनोवेटिव सॉल्यूशंस) विकसित कर सकेंगे, जिससे औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। यह एमओयू अनुसंधान (रिसर्च) के क्षेत्र में यह एक क्रांतिकारी कदम है। गुजवि के पीएचडी शोधार्थियों को कंसाई विश्वविद्यालय के वरिष्ठ और विश्व प्रसिद्ध प्रोफेसरों से पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इससे शोध की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी और शोधकर्ताओं को जापान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तक पहुंच मिलेगी।